**1. 'कलम का सिपाही', किसकी जीवनी है?**

A. अज्ञेय
B. प्रेमचंद
C. यशपाल
D. भारतेंदु

**2. 'स्मृति की रेखाएँ', किसकी रचना है?**

A. जयशंकर प्रसाद
B. सुमित्रानंदन पंत
C. महादेवी वर्मा
D. निराला

**3. ''पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय
ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय''- यह किसका दोहा है?**

A. रहीम
B. नंद दास
C. मीरा
D. कबीर

**4. ''दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोय
जो सुख में सुमिरन करे, तो दुख काहे होय'' - यह किसका दोहा है?**

A. कुंभनदास
B. कबीर
C. सूरदास
D. तुलसीदास

**5. 'सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान बुध बेदा
अगुन अरूप अलख अज जोई। भगत प्रेम बस सुगुन सो होई'' - ये किसकी पंक्तियाँ हैं?**

A. कबीर
B. तुलसीदास
C. बिहारी
D. चतुर्भुजदास

**6. 'रंगभूमि' किसका उपन्यास है?**

A. प्रेमचंद
B. यशपाल
C. रांगेय राघव
D. निराला

For reference only

**7. 'हल्कू' किस कहानी का पात्र है?**

A. कफन
B. घासवाली
C. पूस की रात
D. मनोवृत्ति

**8. 'आँसू' किसका काव्य है?**

A. जयशंकर प्रसाद
B. सुभद्राकुमारी चौहान
C. महादेवी वर्मा
D. दिनकर

**9. I can sing - इस वाक्य का सही हिंदी अनुवाद कौन-सा है?**

A. मैं गाता हूँ
B. मैं गाती हूँ
C. मैं गा सकता हूँ
D. मुझे गाना है

**10. रीतिकालीन कवि घनानंद किस धारा के कवि हैं?**

A. रीति मुक्त धारा
B. रीति बद्ध धारा
C. रीति सिद्ध धारा
D. वीररस प्रधान धारा

**11. 'चिंतामणि' किसका ग्रंथ है?**

A. हजारीप्रसाद द्विवेदी
B. रामचंद्र शुक्ल
C. गुलाबराय
D. कुबेरनाथ राय

**12. 'विनय पत्रिका' किसकी रचना है?**

A. जायसी
B. तुलसीदास
C. कबीर
D. बिहारी

**13. हिंदी की किस बोली में सूरदास ने अपना काव्य रचा?**

A. अवधी
B. मारवाड़ी
C. कनौजी
D. ब्रजभाषा

**14. 'त्यागपत्र' किसका उपन्यास है?**

A. जैनेंद्रकुमार
B. अमृतलाल नागर
C. प्रेमचंद
D. सुदर्शन

**15. 'अंधेर नगरी' के रचयिता कौन हैं?**

A. अंबिकादत्त व्यास
B. राधाचरण गोस्वामी
C. प्रतापनारायण मिश्र
D. भारतेंदु हरिश्चद्र

For reference only

**16. 'संपत्तिशास्त्र' किसका ग्रंथ है?**

A. महावीरप्रसाद द्विवेदी
B. हजारीप्रसाद द्विवेदी
C. नामवर सिंह
D. नलिन विलोचन शर्मा

**17. 'तमस' उपन्यास की विषयवस्तु है-**

A. सांप्रदायिकता
B. जातिवाद
C. देशप्रेम
D. पारिवारिक विघटन

**18. 'मानस का हंस' की विषयवस्तु है-**

A. दलित चेतना
B. तुलसी की जीवनी
C. स्त्रीवाद
D. देश विभाजन

**19. 'यामा' किसका काव्य है?**

A. शकुंत माथुर
B. स्नेहमयी चौधरी
C. महादेवी वर्मा
D. उषादेवी मित्रा

**20. 'कविता के नए प्रतिमान' किस आलोचक का ग्रंथ है?**

A. मैनेजर पांडेय
B. हजारीप्रसाद द्विवेदी
C. केदारनाथ सिंह
D. नामवर सिंह

**21. मोहन राकेश का कौन-सा नाटक कालिदास की कथा पर केंद्रित है?**

A. आधे-अधूरे
B. आषाढ़ का एक दिन
C. लहरों के राजहंस
D. पैर तले की जमीन

**22. निम्न लिखित में से कौन-सा विशेषण गुणवाचक है?**

A. आठ
B. बहुत
C. सुंदर
D. यह

**23. निम्न लिखित में से कौन-सा शब्द संख्यावाचक विशेषण है?**

A. अच्छा
B. बुरा
C. तीसरा
D. बहुत

**24. जैसा करोगे, वैसा भरोगे में सर्वनाम का कौन-सा भेद है?**

A. अनिश्चय वाचक
B. निश्चय वाचक
C. प्रश्न वाचक
D. संबंध वाचक

For reference only

**25. इन में से कौन-सा शब्द पुरुष वाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है?**

A. हम B. तू

C. कोई D. मैं

**26. जिन शब्दों में प्रयोग के अनुसार कोई परिवर्तन नहीं होता है, उन्हें कहा जाता है?**

A. पद B. विकारी शब्द

C. अविकारी शब्द D. पद बंध

**27. 'उज्जवल' का संधि-विग्रह क्या होगा?**

A. उत् + ज्वल B. उज् + ज्वल

C. उ + ज्वल D. उज्व + ल

**28. 'यथाशक्ति' में कौन-सा समास है?**

A. बहुव्रीहि B. तत्पुरुष

C. अव्ययीभाव D. कर्मधारय

**29. 'लीला ने शीला से चिट्ठी लिखवाई' - इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है?**

A. प्रेरणार्थक क्रिया B. पूर्वकालिक क्रिया

C. संयुक्त क्रिया D. नामधातु क्रिया

**30. 'मीरा सो रही है', इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है?**

A. अकर्मक B. सकर्मक

C. प्रेरणार्थक D. द्विकर्मक

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण है?**

A. लड़की पढ़कर खाती है B. बेटा दोस्त से पत्र लिखवाता है

C. माँ बच्चे को दूध पिलाती है D. बहन पढ़ने विद्यालय गयी है

**32. कल चित्रकार द्वारा एक सुंदर चित्र बनाया गया - कौन-सा वाच्य है?**

A. भाववाच्य B. कर्म वाच्य

C. कर्तृ वाच्य D. इन में कोई नहीं

**33. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का कालक्रम कब से कब तक है?**

A. 1 से 500 ई तक B. 500 ई से 1000 ई तक

C. 1000 ई से अब तक D. 1500 ई पू. से 800 ई पू. तक

For reference only

**34. देवनागरी लिपि की उत्पत्ति किससे हुई?**

A. ब्राह्मी लिपि से B. गुप्त लिपि से
C. रोमन लिपि से D. खरोष्ठी से

**35. हिंदी का मानक रूप किस भाषा से विकसित हुआ है?**

A. ब्रज B. खडीबोली
C. अवधी D. मालवी

**36. तमिल किस भाषा-परिवार की भाषा है?**

A. **भारोपीय परिवार** B. **द्राविड़ी परिवार**
C. **पहाड़ी भाषा परिवार** D. **मुंडा परिवार**

**37. दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहाँ है?**

A. चेन्नै B. मुंबई
C. गोवा D. बैंगलूरु

**38. 'अंधा युग' किसका काव्य-नाटक है?**

A. अज्ञेय B. भवानीप्रसाद मिश्र
C. रघुवीर सहाय D. धर्मवीर भारती

**39. प्रेमचंद द्वारा संपादित पत्रिका का नाम है-**

A. जागरण B. ज़माना
C. हंस D. प्रतीक

**40. 'कवि वचन सुधा' किसके द्वारा संपादित पत्रिका है?**

A. मैथिलीशरण गुप्त B. भारतेंदु हरिश्चन्द्र
C. बालकृष्ण भट्ट D. महावीरप्रसाद द्विवेदी

**41. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं', किसका निबंध है?**

A. हजारीप्रसाद द्विवेदी B. गुलाब राय
C. विद्यानिवास मिश्र D. कुबेरनाथ राय

For reference only

**42. ''नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास यहि काल**
**अली कलि ही सौं बंध्यौ, आगे कौन हवाल'' - यह किसका दोहा है?**

A. मतिराम
B. केशव दास
C. बिहारी लाल
D. घनानंद

**43. 'गोदान' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष-**

A. 1930
B. 1932
C. 1933
D. 1936

**44. 'शेखर एक जीवनी' किसका उपन्यास है?**

A. जैनेंद्र कुमार
B. अज्ञेय
C. धर्मवीर भारती
D. इलाचंद जोशी

**45. 'झूठा-सच' किसका उपन्यास है?**

A. प्रकाशचंद्र गुप्त
B. रांगेय राघव
C. यशपाल
D. कमलेश्वर

**46. 'कवितावली' किसकी रचना है?**

A. सूरदास
B. तुलसीदास
C. जायसी
D. कबीर

**47. 'साहित्य का उद्देश्य' किसका ग्रंथ है?**

A. शिवदान सिंह चौहान
B. शिवकुमार मिश्र
C. प्रेमचंद
D. नामवर सिंह

**48. इन में एक स्त्रीवादी रचनाकार हैं-**

A. अनामिका
B. अशोक वाजपेयी
C. उषादेवी मित्रा
D. मलय

**49. 'नहिं दरिद्र सम दुख जग माहि'' - यह किसकी उक्ति है?**

A. कुंभनदास
B. तुलसीदास
C. सूरदास
D. नंददास

**50. 'रामचंद्रिका' किसकी रचना है?**

A. बिहारीलाल
B. देव
C. केशवदास
D. बोधा

For reference only

**51. 'होरी' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?**

A. रंगभूमि
B. गोदान
C. सेवासदन
D. कर्मभूमि

**52. ''वियोगी होगा पहला कवि, आह से उपजा होगा गान,**
**निकल कर आँखों से, बही होगी कविता अनजान'' - यह किसकी कविता है?**

A. महादेवी वर्मा
B. निराला
C. सुमित्रानंदन पंत
D. जयशंकर प्रसाद

**53. 'हरी घास पर क्षण भर' - किसका कविता-संकलन है?**

A. अज्ञेय
B. मुक्तिबोध
C. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
D. केदारनाथ सिंह

**54. 'अकाल में सारस' - किसका कविता-संकलन है?**

A. गिरिजाकुमार माथुर
B. केदारनाथ सिंह
C. हरिनारायण व्यास
D. विजयदेव नारायण साही

**55. 'दूसरी परंपरा की खोज' किस रचनाकार पर केंद्रित पुस्तक है?**

A. रवींद्रनाथ ठाकुर
B. प्रेमचंद
C. हजारीप्रसाद द्विवेदी
D. रामविलास शर्मा

**56. 'तारसप्तक' का प्रकाशन-वर्ष-**

A. 1940
B. 1941
C. 1942
D. 1943

**57. 'मोचीराम' किसकी कविता है?**

A. धूमिल
B. मलय
C. राजकमल चौधरी
D. चंद्रकांत देवताले

**58. 'अपने-अपने अजनबी' किसका उपन्यास है?**

A. मोहन राकेश
B. राजेंद्र यादव
C. अज्ञेय
D. जैनेंद्र कुमार

For reference only

**59. 'महाभोज' किसका उपन्यास है?**

A. मन्नू भंडारी
B. राजेन्द्र यादव
C. कृष्णा सोबती
D. निर्मल वर्मा

**60. 'वापसी' किसकी कहानी है?**

A. भीष्म साहनी
B. कमलेश्वर
C. उषा प्रियंवदा
D. रामकुमार

**61. इन में से कौन-सा वाक्य सही है?**

A. उसने पुस्तक पढ़ा
B. उसने पुस्तक पढ़ी
C. उसने पुस्तक पढ़े
D. उसने पुस्तक पढ़ चुका

**62. 'रेत समाधि' किसकी रचना है?**

A. सारा राय
B. मृदुला गर्ग
C. गीतांजलिश्री
D. चित्रा मुद्गल

**63. 'कठगुलाब' किसका उपन्यास है?**

A. सविता सिंह
B. नमिता सिंह
C. अनामिका
D. मृदुला गर्ग

**64. 'दुश्चक्र में स्त्रष्टा' किसका कविता-संकलन है?**

A. वीरेन डंगवाल
B. मंगलेश डबराल
C. लीलाधर जगूडी
D. अरुण कमल

**65. 'मौन भी अभिव्यंजना है' - किसकी उक्ति है?**

A. भारत भूषण अग्रवाल
B. अज्ञेय
C. मुक्तिबोध
D. केदारनाथ सिंह

**66. 'कविता में कहने की आदत नहीं, पर कह दूँ, वर्तमान समाज चल नहीं सकता' - किसकी उक्ति है?**

A. अशोक वाजपेयी
B. चंद्रकांत देवताले
C. मुक्तिबोध
D. विष्णु खरे

For reference only

**67. 'क्योंकि समय एक शब्द है' - किसका ग्रंथ है?**

A. नलिन विलोचन शर्मा
B. रामस्वरूप चतुर्वेदी
C. रमेश कुंतल मेघ
D. शिवकुमार मिश्र

**68. 'हिंदी साहित्य का आधा इतिहास' - किसका ग्रंथ है?**

A. निर्मला जैन
B. सुमन राजे
C. सरला शुक्ल
D. महादेवी वर्मा

**69. 'श्रृंखला की कड़ियाँ' का प्रतिपाद्य है-**

A. स्त्री-समस्याएँ
B. कारावास का जीवन
C. स्वतंत्रता संग्राम
D. एकल परिवार

**70. इन में से एक जीवनी है-**

A. खोई हुई दिशाएँ
B. कर्मभूमि
C. तमस
D. आवारा मसीहा

**71. 'माँझी का पुल' किसकी कविता है?**

A. केदारनाथ सिंह
B. अरुण कमल
C. रघुवीर सहाय
D. राजेश जोशी

**72. पृथ्वीराज रासौ के रचतिया कौन हैं?**

A. मंझन
B. चन्दबरदाई
C. अब्दुर्रहमान
D. जायसी

**73. इन में से एक तुलसीदास के जीवन पर आधारित उपन्यास है-**

A. पुनर्नवा
B. दुखवा मैं कासे कहँ सजनी
C. मानस का हंस
D. चारुचंद्रलेख

**74. साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित द्वैमासिक हिंदी पत्रिका है-**

A. पक्षधर
B. तद्भव
C. वागर्थ
D. समकालीन भारतीय साहित्य

**75. 'बिल्लेसुर बकरिहा' किसकी रचना है?**

A. निराला
B. संतोष चौबे
C. महादेवी वर्मा
D. नामवर सिंह

For reference only

**76. सूरदास प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?**

A. गोदान B. रंगभूमि
C. कर्मभूमि D. निर्मला

**77. कामायनी में कितने सर्ग है?**

A. 10 B. 14
C. 12 D. 15

**78. वात्सल्य भाव को प्रमुखता देने वाले भक्त कवि-**

A. तुलसी दास B. कबीर
C. सूरदास D. रहीम

**79. मीरा के आराध्य देवता कौन हैं?**

A. कृष्ण B. राम
C. ब्रह्म D. शिव

**80. 'पंच परमेश्वर' किसकी कहानी है?**

A. विश्वंभरनाथ शर्मा कौशिक B. भगवतीचरण वर्मा
C. सुदर्शन D. प्रेमचंद

**81. 'सतपुड़ा का जंगल' किसकी कविता है?**

A. रघुवीर सहाय B. भवानीप्रसाद मिश्र
C. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना D. निराला

**82. 'कुरुक्षेत्र' किसका काव्य है?**

A. दिनकर B. शिवमंगल सिंह सुमन
C. माखनलाल चतुर्वेदी D. मैथिलीशरण गुप्त

**83. इन में से एक 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक हैं**

A. हजारीप्रसाद द्विवेदी B. बनारसीदास चतुर्वेदी
C. महावीर प्रसाद द्विवेदी D. प्रतापनारायण मिश्र

**84. अश्वघोष के काव्य 'सौंदरनंद' की कथा से प्रभावित मोहन राकेश के नाटक का नाम-**

A. लहरों के राजहंस B. आषाढ़ का एक दिन
C. आधे-अधूरे D. पैर तले की जमीन

For reference only

**85. 'असाध्य वीणा' किसकी कविता है?**

A. मुक्तिबोध
B. अज्ञेय
C. रघुवीर सहाय
D. धर्मवीर भारती

**86. 'ब्रह्मराक्षस का शिष्य' किस विधा की रचना है?**

A. उपन्यास
B. कविता
C. निबंध
D. कहानी

**87. 'राम का मुकुट भीग रहा है' - किस विधा की रचना है**

A. कविता
B. कहानी
C. ललित निबंध
D. आलोचना

**88. 'निराला की साहित्य साधना' किसकी रचना है?**

A. नामवर सिंह
B. रामविलास शर्मा
C. शिवदान सिंह चौहान
D. विश्वनाथ त्रिपाठी

**89. 'आत्महत्या के विरुद्ध' किसकी रचना है?**

A. अज्ञेय
B. रघुवीर सहाय
C. मुक्तिबोध
D. विजयदेव नारायण साही

**90. 'कल सुनना मुझे' किस विधा की रचना है?**

A. उपन्यास
B. निबंध
C. कविता
D. नाटक

**91. 'एक घड़ी की भी परवशता कोटि नरक के सम है/पल भर की भी स्वतंत्रता सौ स्वर्गों से उत्तम है' - ये किसकी पंक्तियाँ हैं?**

A. मैथिलीशरण गुप्त
B. सियरामशरण गुप्त
C. रामनरेश त्रिपाठी
D. माखनलाल चतुर्वेदी

**92. 'ढाई घर' उपन्यास किसका है?**

A. गिरिराज किशोर
B. काशीनाथ सिंह
C. शिवप्रसाद सिंह
D. रणेंद्र

For reference only

**93. 'लोचन टीका' किस सिद्धांत के समर्थन में लिखा गया है?**

A. रीति सिद्धांत
B. वक्रोक्ति सिद्धांत
C. ध्वनि सिद्धांत
D. अलंकार सिद्धांत

**94. आनंदवर्द्धन ने ध्वनि सिद्धांत के कितने भेद बताए हैं?**

A. 4
B. 2
C. 3
D. 5

**95. वक्रोक्ति सिद्धांत के आचार्य कौन हैं?**

A. कुंतक
B. मम्मट
C. अभिनवगुप्त
D. आनंदवर्द्धन

**96. रीति सिद्धांत के आचार्य का नाम है-**

A. रुद्रट
B. वामन
C. दंडी
D. उद्‌भट

**97. भारतीय काव्यशास्त्र के प्रथम आचार्य कौन हैं?**

A. भामह
B. अभिनव गुप्त
C. भरत मुनि
D. शंकुक

**98. 'काव्यालंकार सूत्रवृत्ति' किसका ग्रंथ है?**

A. आचार्य भामह
B. भट्‌ट लोल्लट
C. आचार्य रुद्रट
D. वामन

**99. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' - यह किसकी उक्ति है?**

A. उद्‌भट
B. भट्‌ट नायक
C. भामह
D. आनंदवर्द्धन

**100. अलंकार के कितने भेद बताए हैं?**

A. 2
B. 3
C. 5
D. 6

**101. केंद्रीय हिंदी निदेशालय (दिल्ली) द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम है-**

A. हिंदी पत्रिका
B. भाषा
C. भारतीय भाषा
D. समन्वय

For reference only

**102. दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा (चेन्नै) द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम है-**

A. दक्षिण भारत
B. दक्षिणी हिंदी
C. दक्षिणात्य साहित्य
D. दक्षिण

**103. भारत भवन (भोपाल) द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है-**

A. भारतीयता
B. भारती
C. पूर्वाग्रह
D. भारतीय साहित्य

**104. साहित्य अकादमी (दिल्ली) द्वारा प्रकाशित अंग्रेज़ी पत्रिका का नाम है-**

A. इंडियन लिटरेचर
B. इंडियन
C. लिटरेचर
D. कंपेरिटीव लिटरेचर

**105. भारतीय भाषा परिषद (कोलकाता) द्वारा प्रकाशित हिंदी द्वैमासिक पत्रिका का नाम है-**

A. भारतीय भाषा
B. वागर्थ
C. हिंदी
D. परिषद पत्रिका

**106. हिंदी साहित्य सम्मेलन (प्रयागराज) द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम है-**

A. हिंदी साहित्य सम्मेलन पत्रिका
B. सम्मेलन पत्रिका
C. प्रयागराज
D. हिंदी सम्मेलन

**107. गृहमंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है-**

A. गृह पत्रिका
B. हिंदी पत्रिका
C. राजभाषा भारती
D. राजभाषा

**108. भारतीय संस्कृति संबन्ध परिषद द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है-**

A. गगनांचल
B. विशाल भारत
C. भारतीय पत्रिका
D. भारत

**109. संगीत नाटक अकादमी (दिल्ली) द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है-**

A. संगना
B. नाटक
C. नाटक विमर्श
D. भारतीय नाटक

For reference only

**110. महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (वर्धा) द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्रिका का नाम है--**

A. हिंदी देश
B. समकालीन भारत
C. बहुवचन
D. समसामयिक

**111. 'सेवासदन' की नायिका का नाम क्या है?**

A. सोफिया
B. सुमन
C. धनिया
D. मिस मालती

**112. 'प्रेमचंद घर में' किसकी रचना है?**

A. शिवरानी देवी
B. अमृत राय
C. श्रीपत राय
D. सारा राय

**113. 'अनामदास का पोथा' किसका उपन्यास है?**

A. महावीरप्रसाद द्विवेदी
B. मुकुंद द्विवेदी
C. हजारीप्रसाद द्विवेदी
D. विश्वनाथ त्रिपाठी

**114. 'परिंदे' किसकी कहानी है?**

A. रामकुमार
B. राजेंद्र यादव
C. मन्नू भंडारी
D. निर्मल वर्मा

**115. 'परती परिकथा' किसका उपन्यास है?**

A. शिवप्रसाद सिंह
B. नरेश मेहता
C. काशीनाथ सिंह
D. फणीश्वरनाथ रेणु

**116. 'देहाती दुनिया' किस विधा की रचना है?**

A. उपन्यास
B. निबंध
C. संस्मरण
D. जीवनी

**117. 'उसने कहा था' किसकी कहानी है?**

A. प्रेमचंद
B. विश्वंभर नाथ शर्मा
C. चंद्रधरशर्मा गुलेरी
D. सुदर्शन

For reference only

**118. 'पथ के साथी' किस विधा की रचना है?**

A. संस्मरण
B. ललित निबंध
C. निबंध
D. आत्मकथा

**119. 'चतुरी चमार' किसकी रचना है?**

A. जयशंकर प्रसाद
B. महादेवी वर्मा
C. निराला
D. पंत

**120. इनमें से एक आँचलिक उपन्यास है-**

A. अंधेरे बंद कमरे
B. सारा आकाश
C. महाभोज
D. परती परिकथा

**121. इनमें से एक दलित जीवन पर केंद्रित रचना है-**

A. जूठन
B. लौटे हुए मुसाफिर
C. दूसरी परंपरा की खोज
D. पुनर्नवा

**122. 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' किसकी रचना है**

A. तुलसीराम
B. मोहनदास नैमिशराय
C. ओमप्रकाश वाल्मीकि
D. शरणकुमार लिंबाले

**123. इनमें से एक आदिवासी लेखन से संबन्धित रचनाकार हैं-**

A. अनुज लुगुन
B. शिवपूजन सहाय
C. पीयूष दइया
D. प्रांजल धर

**124. 'स्त्रीत्व का मानचित्र' किसकी रचना है?**

A. रेखा सेठी
B. मैत्रेयी पुष्पा
C. अनामिका
D. प्रभा खेतान

**125. इनमें एक स्त्री की समस्याओं पर केंद्रित रचना है-**

A. पथ के साथी
B. श्रृंखला की कड़ियाँ
C. माटी की मूरतें
D. कुटज

**126. 'आकाशदीप' किसकी कहानी है?**

A. सुदर्शन
B. जयशंकर प्रसाद
C. माधवप्रसाद सप्रे
D. वृन्दावनलाल वर्मा

For reference only

**127. 'व्याकरण को ठीक करने के पहले मैं मनुष्य को ठीक करना चाहता हूँ' - यह जयशंकर प्रसाद के किस नाटक का चर्चित वाक्य है-**

A. स्कंदगुप्त B. ध्रुवस्वामिनी
C. चंद्रगुप्त D. राज्यश्री

**128. ''अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे। तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।'' - किसकी उक्ति है?**

A. अज्ञेय B. प्रभाकर माचवे
C. मुक्तिबोध D. रामविलास शर्मा

**129. हिंदी साहित्य के इतिहास के आरंभिक युग को वीरगाथाकाल नाम किसने दिया?**

A. राजकुमार वर्मा B. गणपतिचंद्र गुप्त
C. नगेंद्र D. रामचंद्र शुक्ल

**130. 'हिंदी साहित्य का अतीत' किसका साहित्येतिहास ग्रंथ है?**

A. राहुल सांकृत्यायन B. चंद्रधर शर्मा गुलेरी
C. विश्वनाथप्रसाद मिश्र D. ग्रियेर्सन

**131. 'खूबसूरत' शब्द का विपरीत शब्द क्या है?**

A. बदसूरत B. हुनर
C. लाजवाब D. नज़ाकत

**132. 'तालस्टाय और साइकिल' किसका काव्य-संकलन है?**

A. रघुवीर सहाय B. केदारनाथ सिंह
C. विजयदेव नारायण साही D. हरिनारायण व्यास

**133. 'संदेश रासक' किसका काव्य है?**

A. चंदबरदाई B. जायसी
C. मंझन D. अब्दुर्रहमान

**134. 'वीणा' किसका कविता-संकलन है?**

A. सुमित्रानंदन पंत B. महादेवी वर्मा
C. निराला D. सुभद्राकुमारी चौहान

For reference only

**135. 'इस पौरुषपूर्ण समय में' किसका कविता संकलन है?**

A. अनामिका
B. सविता सिंह
C. अनीता वर्मा
D. कार्त्यायनी

**136. 'दूसरी परंपरा की खोज' - किसकी रचना है?**

A. हजारीप्रसाद द्विवेदी
B. नामवर सिंह
C. निर्मला जैन
D. प्रेमशंकर

**137. 'ताई' किसकी कहानी है?**

A. प्रेमचंद
B. सुदर्शन
C. विश्वंभरनाथ शर्मा कौशिक
D. जयशंकर प्रसाद

**138. 'हनुमान चालीसा' किसकी रचना है?**

A. रहीम
B. तुलसीदास
C. सूरदास
D. कुंभनदास

**139. 'अखरावट' किसका काव्य है?**

A. जायसी
B. चंदबरदाई
C. अब्दुर्रहमान
D. सरहपा

**140. हैदराबाद में प्रचलित हिंदी की बोली का नाम है-**

A. बुंदेलखंडी
B. दाक्खिनी हिंदी
C. भोजपुरी
D. ब्रजभाषा

**141. ब्रजभाषा में रचित महत्वपूर्ण काव्य का नाम है-**

A. रामचरित मानस
B. पद्मावत्
C. सूरसागर
D. पृथ्वीराज रोसो

**142. 'भक्त माल' किसकी रचना है?**

A. नाभादास
B. कबीर
C. तुलसीदास
D. केशवदास

**143. 'राम लला नहच्छु' किसकी रचना है?**

A. घनानंद
B. आलम
C. बोधा
D. तुलसीदास

For reference only

**144. 'पुतली में संसार' - किसका कविता-संकलन है?**

A. लीलाधर जगूड़ी B. अरुण कमल

C. अनामिका D. मदन कश्यप

**145. इनमें एक स्त्री-विमर्श केंद्रित रचना है-**

A. उपनिवेश में स्त्री B. चाक

C. मिल-जुल मन D. रेत की समाधि

**146. हिंदी में किस रचनाकार को 'बुकर प्राईस' मिला है?**

A. मृदुला गर्ग B. चित्रा मुद्‌गल

C. गीतांजलिश्री D. अनामिका

**147. वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार हिंदी में किसको मिला?**

A. कात्यायनी B. गगन गिल

C. सविता सिंह D. लीलाधर मंडलोई

**148. 'संस्कृति के चार अध्याय' - किसकी रचना है?**

A. नामवर सिंह B. मैनेजर पांडेय

C. शिवदान सिंह चौहान D. दिनकर

**149. 'अंतिम अरण्य' - किसका उपन्यास है?**

A. रणेंद्र B. संजीव

C. मोहन राकेश D. निर्मल वर्मा

**150. हिंदी के संदर्भ में 10, जनवरी का महत्व क्या है?**

A. राजभाषा दिवस B. विश्व हिंदी दिवस

C. मातृभाषा दिवस D. राष्ट्रभाषा दिवस

For reference only

----------

# Answer Key

**Subject Name : HINDI**

| Sl No. | Key | Sl No. | Key | Sl No. | Key | Sl No. | Key | Sl No. | Key |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 31 | A | 61 | B | 91 | C | 121 | A |
| 2 | C | 32 | B | 62 | C | 92 | A | 122 | C |
| 3 | D | 33 | C | 63 | D | 93 | C | 123 | A |
| 4 | B | 34 | A | 64 | A | 94 | B | 124 | C |
| 5 | B | 35 | B | 65 | B | 95 | A | 125 | B |
| 6 | A | 36 | B | 66 | C | 96 | B | 126 | B |
| 7 | C | 37 | A | 67 | C | 97 | C | 127 | C |
| 8 | A | 38 | D | 68 | B | 98 | D | 128 | C |
| 9 | C | 39 | C | 69 | A | 99 | C | 129 | D |
| 10 | A | 40 | B | 70 | D | 100 | B | 130 | C |
| 11 | B | 41 | A | 71 | A | 101 | B | 131 | A |
| 12 | B | 42 | C | 72 | B | 102 | A | 132 | B |
| 13 | D | 43 | D | 73 | C | 103 | C | 133 | D |
| 14 | A | 44 | B | 74 | D | 104 | A | 134 | A |
| 15 | D | 45 | C | 75 | A | 105 | B | 135 | D |
| 16 | A | 46 | B | 76 | B | 106 | B | 136 | B |
| 17 | A | 47 | C | 77 | D | 107 | C | 137 | C |
| 18 | B | 48 | A | 78 | C | 108 | A | 138 | B |
| 19 | C | 49 | B | 79 | A | 109 | A | 139 | A |
| 20 | D | 50 | C | 80 | D | 110 | C | 140 | B |
| 21 | B | 51 | B | 81 | B | 111 | B | 141 | C |
| 22 | C | 52 | C | 82 | A | 112 | A | 142 | A |
| 23 | C | 53 | A | 83 | C | 113 | C | 143 | D |
| 24 | D | 54 | B | 84 | A | 114 | D | 144 | B |
| 25 | C | 55 | C | 85 | B | 115 | D | 145 | A |
| 26 | C | 56 | D | 86 | D | 116 | A | 146 | C |
| 27 | A | 57 | A | 87 | C | 117 | C | 147 | B |
| 28 | C | 58 | C | 88 | B | 118 | A | 148 | D |
| 29 | A | 59 | A | 89 | B | 119 | C | 149 | D |
| 30 | A | 60 | C | 90 | C | 120 | D | 150 | B |

For reference only